## एक नजर में

### तैयारियों का लिया जायजा

**राजगढ़ 17 मई, का.** बविना झाँसी स्थित 73 आर्म्ड रेजिमेंट के सैन्य अधिकारियों द्वारा जिला राजगढ़ में संभावित बाढ़ आपदा को ध्यान में रखते हुए आपदा पूर्व तैयारियों का जायजा लिया गया. इस दौरान अधिकारियों ने संबंधित विभागों के साथ समन्वय बैठक कर राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की. निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, राहत शिविरों, आवश्यक संसाधनों, संचार व्यवस्था तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया. अधिकारियों ने आपदा की स्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश भी प्रदान किए. जिला प्रशासन द्वारा बताया गया कि बाढ़ आपदा से निपटने हेतु आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्थाओं को सक्रिय रखा गया है तथा संबंधित अमले को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### 22 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**बोड़ा 17 मई, सं.** एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला (भा.पु.से.) के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 22 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया. जानकारी के अनुसार न्यायिक मजिस्ट्रेट नरसिंहगढ़ के एक प्रकरण में जारी स्थाई वारंट के तहत आरोपी ज्वाला पिता मेहरबान सासी निवासी कड़िया सासी पिछले करीब 22 वर्षों से फरार चल रहा था. आरोपी गिरफ्तारी से बचने हेतु लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था, जिससे पूर्व में कई प्रयासों के बावजूद उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी. मुखबिर की सूचना पर ग्राम कड़िया सासी से आरोपी को पकड़ा है.

### चोरी के चार आरोपी गिरफ्तार, सामान जप्त


**ब्यावरा 17 मई, का.** एसडीओपी नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस टीम द्वारा चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल सहित कुल 2 लाख 13 हजार का मशरूका जप्त किया गया. 15 मई को फरियादी बंशीलाल पिता मांगीलाल प्रजापति उम्र 50 वर्ष निवासी गुराडिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि चार दिन पूर्व यानी 11 मई को दोपहर करीब 04 बजे अज्ञात व्यक्ति उसका रेडमी कंपनी का मोबाइल चोरी कर ले गए. आरोपियों की पतारसी हेतु विशेष पुलिस टीम गठित की गई. टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्धों की पहचान कर दानिश मंसूरी, विकास कुशवाह, रियाज अंसारी एवं सलमान अंसारी से बारीकी से पूछताछ की गई. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घटना करना स्वीकार किया. गिरफ्तार आरोपियों में दानिश पिता मुबारिक मंसूरी उम्र 21 वर्ष, विकास पिता बलराम कुशवाह उम्र 19 वर्ष, रियाज पिता समंद अंसारी उम्र 19 वर्ष और सलमान पिता जाफर अंसारी उम्र 25 वर्ष सभी निवासी कुरावर शामिल है.

**कर्मचारियों की आवश्यकता हैं**
हॉस्टल के लिए चौकीदार, खाना बनाने वाली बाई एवं वार्डन की आवश्यकता है. वेतन योग्यता अनुसार. रहना खाना फ्री.
**संपर्क** – के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल राजगढ़ **मोबाइल 9827869751 बिल 22 मई**

# सीएम के आने से पहले सड़क के रातोंरात भाग्य खुले

कई महीनों से पेंचवर्क का इंतजार कर रही सड़क को सीएम के आने से पहले दुरुस्त करने में लगे




**मुख्यमंत्री के नगर आगमन से जागी नगर परिषद, मुख्य मार्गों पर शुरू हुआ पेचवर्क व पाइप लाइन सुधार कार्य**

**रात में अलाउद्दीन का चिराग भी साबित हो रहा डामरीकरण**

**लम्बे समय से बनी समस्या अल्प समय में हल यह राहगीरों का सौभाग्य**

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 17 मई, सं. आगामी 21 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नगर आगमन को लेकर नगर परिषद द्वारा शहर में युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. लंबे समय से बदहाल पड़े मुख्य मार्गों पर अब पेचवर्क कार्य कराया जा रहा है तथा जगह-जगह लीकेज पाइप लाइनों की मरम्मत भी की जा रही है.**

नगर के इंदर चौराहा से उत्कृष्ट विद्यालय एवं हायर सेकेंडरी स्कूल मार्ग तक लंबे समय से सड़क पर गड्ढे, पाइप लाइन लीकेज और बहते पानी की समस्या बनी हुई थी. कई स्थानों पर नलों में टोंटी नहीं होने से पानी लगातार बहता रहता था, जिससे सड़कें खराब हो चुकी थी. लीकेज पाइप लाइन और बारिश और गंदे पानी से भरे गड्ढों के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था. ऐसे में राहगीरों के कपड़े भी इस पानी की वजह से गंदे हो जाते थे एवं आपस में कहा सुनी की नौबत्त भी आ जाती थी. स्थानीय नागरिकों द्वारा कई बार शिकायतें एवं समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद नगर परिषद द्वारा लंबे समय तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया.

अब मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए नगर परिषद की सक्रियता बढ़ी है. इंदर चौराहा से आवास रोड एवं स्टेडियम मार्ग तक गड्ढों का पेचवर्क कराया जा रहा है तथा लीकेज पाइप लाइनों को सुधारा जा रहा है. नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री का आगमन नगर के लिए शुभ संकेत साबित हो रहा है, क्योंकि वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की शुरुआत अब दिखाई देने लगी है. यह राहगीरों का सौभाग्य हैं. जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में उतरेगा, जहां से वे खिलचीपुर नाका, इंदर चौराहा एवं आवास रोड होते हुए आवास कॉलोनी स्थित स्टेडियम पहुंचेंगे.

यहां विभिन्न निर्माण कार्यों के लोकार्पण एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. गौरतलब है कि पूर्व में भी इंदर चौराहा क्षेत्र में केवल औपचारिकता के तौर पर पेचवर्क किया जाता रहा, जो कुछ ही समय में उखड़ जाता था. लेकिन इस बार नागरिकों को उम्मीद है कि स्थायी समाधान किया जाएगा. ताकि आम राहगीरों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके. यही नहीं संभावना बतौर मुख्यमंत्री का आगमन इंदर चौराहा से आवास हटीले हनुमान मंदिर तक डामरीकरण कार्य भी हो सकता है जो अलाउद्दीन का चिराग साबित होगा.

### सीएम के दौरे को लेकर अटकलें

इधर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 21 मई को प्रस्तावित दौरे को लेकर संशय बना हुआ है. प्रशासन तैयारियों में लगा लेकिन दूसरी ओर सीएम के दौरे रद्द होने की सूचनाएं भी देर शाम सामने आई. हालांकि प्रशासन की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है.






# छापीबांध को सदानीरा करने की जरुरत

54 सालों से अंचल की प्यास बुझाने वाले बांध का कैंचमेंट एरिया बढ़ाकर कुण्डालिया से जोड़ने की मांग

**जल गंगा संवर्धन को एक कदम आगे बढ़ाने की जरुरत**

**नदी जोड़ो की तर्ज पर मध्यम परियोजनाओं को बड़ी योजनाओं से जोड़ा जाए**

नवभारत न्यूज
दिनेश जमींदार

**जीरापुर 17 मई, सं. जिले को जलगंगा संवर्धन अभियान के मामले में कुंए और बावड़ियां साफ करने में प्रदेश में पांचवा स्थान मिला है. समय विशेष पर एक दो माह के लिए चलने वाले अभियान को एक कदम आगे बढ़ाने की जरूरत है. इन छोटी जलराशियों और संरचनाओं को यदि लंबे समय से जीवित रखना है और बड़े जलाशयों के और इनके बीच मध्यम संचरचनाओं के भविष्य की भी चिंता करनी है. ये मध्यम संरचनाएं देखने में भले जीवित लगती है लेकिन कहीं ना कहीं ये अपना और जनमानस का अस्तित्व बचाने के लिए कड़ा संघर्ष करती है. बात यहां जीरापुर के छापी डैम की हो रही है. सुदंरता, वैभव और अपनी जल संचयन क्षमता का अनूठा उदाहरण यह बांध अब अपने कर्तव्यों के बदले अधिकार की मांग कर रहा है. उसकी यह मांग जनमानस की जुबान से भी निकलने लगी है.**

उल्लेखनीय है कि पिछले 54 सालों से अंचल की प्यास और खेती का रखवाला बन रहे छापी डैम को अब जलसंचयन और जलभराव के मान से उन्नयन की दरकार है. लगातार रीत रहे छापीबांध का सदनीरा करने की जरूरत है. इसके विशाल कैंचमेंट एरिया के हिसाब से जलभराव को गर्मियों में सुरक्षित करने की जरूरत महसूस हो रही है.

### जनप्रतिनिधि करें पहल

वर्तमान में जीरापुर शहर में एक एवं दो दिन छोड़कर गर्मियों में जलप्रदाय होता है. इसका कारण जीरापुर छापी डैम के कैचमेंट एरिया का गर्मियों में सिकुड़ना और जीरापुर नगर का फैलते जाना. साथ ही यदि जलराशि प्रचुर होगी और परिषद पेयजल टंकियों के माध्यम से जलवितरण को सुलभ कर सकेगी. ये जनअपेक्षाएं अब जनप्रतिनिधियों से खुलकर सामने आने लगी है. मामले में नवभारत ने नागरिकों ने चर्चा की और इसमें लोगों ने इसे कुण्डालिया बांध से जोड़कर इसके जलभराव को बढ़ाने और भविष्य के लिए इसे विस्तृत और सुरक्षित करने की मांग की है.

### पर्यटन की संभावनाएं

छापीडैम नगर के बिल्कुल समीप होने से स्थानीय और आसपास के लोगों में इसका अलग आकर्षण है. यहां छापीश्वर महादेव का सुंदर मंदिर भी है. इस डैम का यदि कैचमेंट एरिया वर्ष भर और विशेष रूप से गर्मियों से भी पानी से लबालब रहता है तो पर्यटन की संभवनाएं बढ़ जाएंगी. यहां नौकायन, पार्क, बच्चों के लिए पिकनिक स्पॉट भी विकसित होगा. साथ ही जलराशि बढ़ने से लगातार फैल रहे जीरापुर नगर को दैनिक पेयजल मिल सकेगा.

### दो बार हुआ घाटों का कायाकल्प

निर्माण के बाद भी यहां दो बार घाटों और आसपास के हिस्से का कायाकल्प हो चुका है. पहले पूर्व विधायक एवं वर्तमान जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची द्वारा यहां घाटों का निर्माण कराया गया. चौड़े और उन्नत घाटों के निर्माण के बाद यहां उत्सवों में लोगों का रूझान बढ़ने लगा. धार्मिक क्रियाकलाप भी यहां हो रहे है. इसके पश्चात वर्तमान विधायक हजारीलाल दांगी ने वर्ष 2016 में यहां कायाकल्प करवाया था. इसमें वृक्षारोपण और सौंदर्यीकरण प्राथमिकता में शामिल था. लेकिन अब इससे बढ़कर यहां बड़े और भविष्य को देखते ही निर्माण और प्रकल्प करने होंगे.

### पूर्व विधायक स्व. चौबे के प्रयासों से मिली सौगात

छापी बांध की सौगात शहर में भूतपूर्व विधायक स्व. प्रभुदयाल चौबे के अथक प्रयासों से मिली है. इसके लिए मांग निर्माण से करीब दस वर्ष पूर्व ही उठाई गई थी. यानी यह कहा जा सकता है आजादी के बाद जिले में जलसुविधाओं और जलसंरचनाओं के लिए छापी डैम पहली सौगात था. जीरापुर जो कि राजस्थान सीमा से लगा है और यहां की संस्कृति और परिवेष में राजस्थान की झलक साफ नजर आती है. अब इसे सदानीरा करने की जरूरत है. सन 1960 के दशक में जीरापुर नगर सहित आसपास के दर्जनों गांवों में भीषण जल संकट बना हुआ था. इस दौरान छोटे से गांव काछीखेड़ी के श्री चौबे ने जीरापुर नगर में छापी नदी पर डेम का निर्माण कराने का बीड़ा उठाया था. 1967 में विधायक बनने के बाद उनके अथक प्रयास से छापीहेड़ा से निकली छोटी सी नदी पर डेम का निर्माण कराया गया. जिसका तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चन्द्र सेठी ने लोकार्पण किया था. नगर में 1972 में बने इस डेम से क्षेत्र का जल संकट दूर होने के साथ करीब 18 गांवों की 1872 हैक्टेयर भूमि पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाने लगी.

# व्यक्तित्व विकास और संगठन विस्तार का केंद्र बना ब्यावरा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 मई, का.** नगर में एक बड़ा वैचारिक एवं संगठनात्मक आयोजन हो रहा है. राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मध्यभारत प्रांत द्वारा आयोजित 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग (व्यवसायी प्रशिक्षण वर्ग) का शुभारंभ शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में हुआ.

इसमें मध्यभारत प्रांत के 32 जिलों से करीब 200 व्यवसायी स्वयं सेवक प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हो रहे है. इस दौरान प्रतिभागियों को शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक एवं व्यक्तित्व विकास का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा.

मंच पर वर्ग सर्वाधिकारी योगेश गौतम, मध्यभारत प्रांत के प्रांत सह संघ चालक डॉ. राजेश सेठी, वर्ग कार्यवाह कदम सिंह मीणा, सह प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह उपस्थित रहे. प्रशिक्षण वर्ग व्यवसायी वर्ग के स्वयं सेवकों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है. संघ पदाधिकारियों के अनुसार समाज जीवन में व्यवसायी वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए उनके संगठनात्मक कौशल, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और राष्ट्र भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह वर्ग आयोजित किया गया है.

### अनुशासित और नियमित दिनचर्या

प्रशिक्षण वर्ग में शामिल स्वयं सेवकों के लिए अनुशासित और नियमित दिनचर्या निर्धारित की गई है. प्रतिभागियों का दिन सुबह 5 बजे प्रारंभ होता है और रात 10.30 बजे तक विभिन्न गतिविधियां संचालित होती है. इसमें योग, व्यायाम, खेल, शारीरिक प्रशिक्षण, समूह चर्चा, बौद्धिक सत्र, गीत, प्रार्थना, शाखा पद्धति और व्यक्तित्व विकास संबंधी गतिविधियां शामिल है. 15 दिनों तक स्वयं सेवक पूरी तरह वर्ग की अनुशासित जीवनशैली का पालन करेंगे.

## मुख्यमंत्री के जीरापुर भ्रमण को लेकर तैयारियां तेज

**राजगढ़ 17 मई, का.** आगामी 21 मई को खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र के जीरापुर नगर में प्रस्तावित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं. कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा हेतु रविवार को भी कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की. बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर विभागवार तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए.

# बोर्ड परीक्षा के 120 मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

**राजगढ़, 17 मई, का. अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा, ब्लॉक राजगढ़ के तत्वावधान में रविवार को मोतीपुरा जोड़ पर कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया. कार्यक्रम में समाज के कक्षा 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण कुल 120 मेधावी बालक-बालिकाओं ने सहभागिता की.**



बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. कक्षा 10 वीं में प्रथम स्थान कु. सोनू सौंधिया, सुपुत्री भारत सिंह तलाईखेड़ा - 95.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कु. रीना, सुपुत्री मुकेश काचरी - 93.4 प्रति., तृतीय स्थान कु. नंदनी, सुपुत्री राधेश्याम काचरी - 92.6 प्रति., कक्षा 12वीं प्रथम स्थान देवराज, सुपुत्र लक्ष्मीनारायण डेंडिया - 94.2 प्रति., द्वितीय स्थान हरिओम, सुपुत्र भगवान सिंह राजपुरा 90.4 प्रति., तृतीय स्थान हरिओम, सुपुत्र हेमंत परमार, राजपुरा 90.0 प्रति. प्राप्त किए. पूर्व कलेक्टर एवं सिया चेयरमैन एसएन सिंह चौहान, जल निगम के जनरल मैनेजर उमाकांत चौधरी, भारत गुप्ता, रतन सिंह परमार नयागांव, सहायक प्राध्यापक रवि धाकड़ एवं डॉ. सुनील भरतपुरा के द्वारा बच्चों को विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम में शिवसिंह चौहान बामलाबे, प्रताप सिंह सिसोदिया, रामनारायण सोलंकी, पूर्व विधायक प्रताप मंडलोई, अर्जुन सिंह परिहार, नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, ईश्वरसिंह बटावदा आदि समाजजन उपस्थित रहे.

# शिविर में 60 ने कराई आंखों की जांच

नवभारत न्यूज

**पढ़ाना 17 मई, सं. रविवार को नेत्र जांच शिविर का शुभारंभ सेवा सदन आंख जांच केंद्र पंडित दीनदयाल चौराहा सारंगपुर सहायक, संस्था मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर द्वारा किया गया.**

संयोजक वर्मा केमिस्ट हेल्थ जोन पढ़ाना ने बताया कि नेत्र जांच के दौरान जिन्हें मोतियाबिंद पाया जाता है उन्हें नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण हेतु भोपाल सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर नि:शुल्क वाहन द्वारा 18 मई को भेजा जाएगा. पेंशनर संघ शाखा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार, संयोजक हरीश जगदीश वर्मा सहित वरिष्ठ गंगाराम सिरोलिया, एलएन त्रिकार उपस्थित रहे. इस अवसर पर 60 लोगों ने जांच करवाई. शिविर में नेत्र प्रशिक्षक डॉ विशाल कुशवाहा, सहायक नीरज विश्वकर्मा, ब्लड प्रेशर शुगर जांच डॉ विजय चौहान द्वारा की गई. शिवनारायण मालवीय व देवीसिंह परिहार ने भी सहयोग दिया.







**कोचिंग** ▶ राजस्थान निवासी रेलवे कर्मचारी प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग दे रहे

# समय देकर प्रतिभाओं के लिए ट्रैक बनाने में लगा रेलवे कर्मी

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 मई, का. जीवन में संघर्ष कितना भी बड़ा हो, अगर हौसला मजबूत हो तो हर मुकाम हासिल किया जा सकता है. इस बात को सच कर दिखाया है राजस्थान के मूल निवासी समय सिंह ने, जिन्होंने तमाम कठिनाइयों के बीच पढ़ाई कर भारतीय रेलवे में नौकरी हासिल की. वर्तमान में रामगंजमंडी रेलवे प्रोजेक्ट के तहत जिले में पदस्थ समय सिंह अपनी ड्यूटी निभाने के साथ-साथ क्षेत्र के युवाओं का भविष्य संवारने में जुटे हैं. वे जिले के होनहार और जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नि:शुल्क कोचिंग दे रहे हैं.**



समय सिंह अपनी व्यस्त विभागीय नौकरी के बाद जो भी समय बचता है, उसे बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में लगा रहे हैं. वे जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को रेलवे, एसएससी और एनडीए जैसी बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गणित और तर्कशक्ति की नि:शुल्क तैयारी करवा रहे हैं. उनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की प्रतियोगी परीक्षा संबंधी रुचि को सही ट्रैक पर लाना है.

**लेखक और मार्गदर्शक के रूप में विशेष पहचान** एक समर्पित गणित शिक्षक होने के साथ-साथ समय सिंह एक लेखक और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी हैं. गणित जैसे कठिन माने जाने वाले विषय को बेहद सरल, ट्रिकी और रोचक तरीके से समझाने की उनकी विशेष शैली विद्यार्थियों के बीच काफी लोकप्रिय है. उनके पढ़ाने के इसी अनूठे अंदाज के कारण जिले के छात्र-छात्राओं में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर एक नया उत्साह देखा जा रहा है.

खुद संघर्षों के दौर से गुजरकर सफलता का स्वाद चखने वाले समय सिंह आज जिले के युवाओं के लिए रोल मॉडल बन चुके हैं. बिना किसी फीस के, केवल राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सरोकार की भावना से दी जा रही उनकी यह निशुल्क कोचिंग युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हो रही है.

### गणित पर किताब लिखी, यू-टयूब चैनल बनाया



समय सिंह अपना दि समय गुरूकुल नाम से यूटयूब चैनल चलाते है. वे इस चैनल के संस्थापक हैं, जहाँ प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गणित की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं. समय सिंह ने एडवांस मैथेमेटिक्स शीर्षक से एक किताब भी लिखि है जो प्रकाशित हुई है. जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु महत्वपूर्ण गणितीय अवधारणाओं और प्रश्नों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया है. वर्तमान में वे जिला पुस्तकालय में विद्यार्थियों को नि:शुल्क मार्गदर्शन देकर शिक्षा सेवा का कार्य कर रहे हैं. उनका उद्देश्य केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सफलता की सोच विकसित करना है. समय सिंह का कहना है कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो जीवन की दिशा बदल सकती है.

### श्यामादेवी शिक्षा संघ द्वारा विद्यार्थियों का सम्मान

**करनवास 17 मई, सं.** श्यामादेवी शिक्षा संघ द्वारा आज हायर सेकेंडरी स्कूल करनवास में 10वीं, 11वीं एवं 12वीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. इस सम्मान समारोह में अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम यादव, लाड़सिंह एवं महेंद्र सिंह सहित गणमान्यजन मौजूद रहे. समारोह में संस्था के डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र कुशवाहा एवं को-फाउंडर केएल सुरतानिया की उपस्थिति में कुल 10वीं, 11वीं एवं 12 वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया. डॉ. राजेंद्र कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रिजल्ट चाहे जैसा भी हो, लेकिन निरंतर मेहनत और सही दिशा के साथ आगे बढ़ने वाले छात्र अवश्य सफल होते हैं. को-फाउंडर केएल सुरतानिया ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया और भविष्य में संस्था द्वारा और बेहतर गाइडेंस देने का आश्वासन दिया. कार्यक्रम में अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया.

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**
B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)
ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक
दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक
महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26
नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.
विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.
योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%
आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.
नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें
संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337
04 मई से -04 जून 2026